तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद अब 20 अप्रैल से पहले फोरलेन सड़क का होगा निर्माण

4



## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को मिली दो साल की कैद

**कोरबा।** छेड़छाड़ के एक मामले आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दो वर्ष सश्रम करावास व 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत राकेश ऊर्फ रज्जू सूर्यवंशी ने वर्ष 2025 में एक युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। मामले में युवती की रिपोर्ट पर आरोपी राकेश के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में हुई। जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आरोपी राकेश उर्फ रज्जू सूर्यवंशी उम्र 38 वर्ष को 2 साल की सजा और 5 सौ रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन की ओर से फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी पैरवी की है।

### प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा की समय-सारणी घोषित

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। इन विद्यालयों का उद्देश्य प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु सघन तैयारी उपलब्ध कराना है। जारी समय-सारणी के अनुसार प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल, रात्रि 11.59 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थी 18 अप्रैल से 21 अप्रैल के मध्य सुधार कर सकेंगे। इसके पश्चात 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने प्रवेश-पत्र 1 मई से 9 मई के बीच डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा।

### अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 जून से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यथियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को छग रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमेन दसवी पास, ट्रेडमेन आठवी पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदो के लिए जारी किया गया है।

### लोक सेवा केन्द्रों में होगी आवेदनों की जांच

**कोरबा।** आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से संबंधित आवेदनों की जांच और प्रविष्टि शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से की जाए और इन सेवाओं का समयबद्ध निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कोटवारों के माध्यम से कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। शिविरों से संबंधित प्रतिदिन की जानकारी निर्धारित प्रारूप में जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

# बालमैत्री से शुरु होगा बच्चों का आंगनबाड़ी से प्राइमरी स्कूल में प्रवेश का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के आंगनबाड़ी बच्चों के लिए बाल मैत्री कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी के अनौपचारिक वातावरण से प्राथमिक शाला के औपचारिक माहौल में बच्चों का सहज, सरल और आनंददायक सुनिश्चित करना है, ताकि उनमें विद्यालय के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास विकसित हो सके।

अलग खबर

कार्यक्रम का शुभारंभ 20 मार्च से किया गया है जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के उन बच्चों को शामिल किया गया है जो प्राथमिक शाला में प्रवेश के लिए तैयार हैं। इस पहल के तहत प्रत्येक माह एक निर्धारित दिवस पर मासिक शाला भ्रमण आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालय ले जाकर वहां के वातावरण से परिचित कराया जाएगा। भ्रमण के दौरान बच्चों को विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से परिचित कराया जाएगा। साथ ही कक्षा-1 के बच्चों के साथ सामूहिक खेल एवं सीखने की गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विद्यालयीन माहौल के अनुरूप तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत परिसर परिचय, शिक्षक से भेंट, संयुक्त गतिविधियां, समूह खेल, बालगीत, कहानी एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों का सीखना आनंददायक और सहभागितापूर्ण बन सके। ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी के खेल आधारित वातावरण से सीधे विद्यालय के अनुशासित माहौल में आने पर बच्चों को अक्सर कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे पढ़ाई के प्रति अरुचि उत्पन्न होने की संभावना रहती है। बाल मैत्री कार्यक्रम इस अंतर को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की क्षमता एवं सहभागिता में वृद्धि होने की उम्मीद है। यह पहल प्रारंभिक शिक्षा को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं आनंददायक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

**4 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए बाल मैत्री कार्यक्रम**

**खास बातें**

- आंगनबाड़ी से प्राथमिक शाला तक सहज प्रवेश की पहल
- नए सत्र से बच्चों को स्कूल में दिलाना होगा प्रवेश



## एसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं मामले की जांच

# पुलिस पर मारपीट का आरोप, चिकित्सकीय जांच में सीढ़ी व बाइक से गिराना आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक को गंभीर चोट लगने पर अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां उसके परिजनों ने लिखित शिकायत भी की है और पुलिस पर मारपीट करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। एसपी ने मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दिया है लेकिन यह सनसनीखेज आरोप ज्यादा देर तक ठीक नहीं पाया है। युवक के अस्पताल के भर्ती होते ही मामला उल्टा हो गया है। युवक को चोट सीढ़ी व बाइक से गिरने से आयी है ऐसा मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया है। हालांकि यह जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।



अस्पताल में दाखिल युवक।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवारपारा निवासी श्रीचंद मतवानी उम्र 41 वर्ष पिता स्व. किशनचंद मतवानी ने एक लिखित शिकायत की है कि राजेश मतवानी अपने पिता की 2022 में हुई सड़क दुर्घटना की जांच और कार्यवाही की जानकारी लेने कोतवाली थाना गया था। कोतवाली थाने के 4-5 पुलिसकर्मियों ने उसे घेरकर गालियां दीं और लात-घूसों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। पिटाई इतनी खौफनाक थी कि राजेश के बाएं पैर की जांघ के पास की हड्डी टूट गई। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय कोरबा में भर्ती कराया गया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले की जांच के लिए नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है और मामले की जांच शुरु कर दी गई है जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि इस मारपीट के मामले में कौन पुलिस वाले शामिल हैं। वहीं मेडिकल अस्पताल के सूत्र बताते हैं कि भर्ती के दौरान राजेश मतवानी ने जो चिकित्सकों को बयान दिया है उसमें सीढ़ी व बाइक से गिरने की जानकारी दी है। अब इस बयान को लेकर विरोधाभाष सामने आ रहा है इससे कहीं ना कहीं मामले के पीछे झोल नजर आ रहा है। हालांकि पुलिसिया जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। क्योंकि थाना में सीसीटीवी कैमरा भी लगा है।

# एमडी के फरमान की अनदेखी अधीक्षण यंत्री व डीई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों विद्युत वितरण विभाग के एमडी ने सुदूर वनांचल क्षेत्र लेमरु और देवपहरी का दौरा किया था। इस दौरान स्थानीय अफसर को जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने और प्रस्ताव तैयार करने का फरमान जारी किया था लेकिन इसके बाद भी स्थानीय अफसर ने प्रस्ताव बनाने में रुचि नहीं दिखाई और लगातार विलंब किया गया। जब एमडी को इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के अधीक्षक यांत्रिक और कटघोरा के डीई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और मामले की जांच का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत 10 मार्च को प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर कोरबा जिले के दौरा पर थे इस दौरान उन्होंने देवपहरी स्थित गौमुखी सेवा आश्रम भी पहुंचे। आश्रम के लोगों ने उन्हें बिजली आपूर्ति और पानी की समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को गौमुखी सेवा आश्रम में 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली और पानी की समस्या का स्थायी

⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- गौमुखी सेवाधाम में ट्रांसफार्मर व बिजली पहुंचाने दिए थे निर्देश
- कटघोरा डीई ने प्रस्ताव बनाने में किया विलंब



जिले के हर वनांचल गांव तक पहुंचायी जाएगी बिजली : कंवर

भूमिपूजन करते हुए अधिकारी।

हरिभूमि में पूर्व में प्रकाशित खबर की कतरन।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से मुलाकात कर उनके मामलों की जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की।

**खास बात**

- बंदियों को मिल रही सुविधाओं का लिया जायजा



जेल का निरीक्षण करते न्यायाधीश।

निरीक्षण के दौरान भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। साथ ही बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पाकशाला की साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच, आवासीय व्यवस्था, पेयजल, स्नानागार एवं शौचालयों की स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। जेल परिसर में पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन व्यवस्था तथा बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों के लिए बाहरी परिसर में शेड की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं जेल लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऐसे बंदी जिनके पास अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई, ताकि कोई भी बंदी न्याय से वंचित न रहे। इस अवसर पर कु. मयूरा गुप्ता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवेंद्र पटेल अतिरिक्त कलेक्टर, नीतिश सिंह ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर, विजय लक्ष्मी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, डीडीए डीपी एन कंवर, बजरंग साहू तहसीलदार, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल उपस्थित रहे।

# भूस्वामियों के खसरा नंबर के साथ जुड़ेगा आधार और मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी राज्य स्तरीय निर्देशों के अनुरूप जिले में राजस्व पखवाड़ा-2026 का व्यापक और सुनियोजित आयोजन किया जा रहा है। राजस्व पखवाड़ा का आयोजन माह अप्रैल में 1 से 15 अप्रैल तक माह मई में 4 से 18 मई तक और जून में 1 से 15 जून तक जिले के सभी ग्रामों में किया जायेगा।

**खास बात**

- तीन चरणों में होगा राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

राजस्व पखवाड़ा को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी एसडीएमों, तहसीलदारों और राजस्व अधिकारियों को राजस्व संबंधी सभी प्रकार के प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह आयोजन केवल शिविर आधारित कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जनता को सीधे राहत प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए प्रत्येक स्तर पर की जा रही कार्यवाही में सुधार और तेजी अनिवार्य है। कलेक्टर दुदावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, वृक्ष कटाई, परिवर्तन, त्रुटि सुधार और अन्य पुराने प्रकरणों का निपटारा किसी भी स्थिति में लंबित न रखा जाए। शिविर के दौरान आने वाले सभी आवेदनों की मौके पर ही जांच, पंजीयन और कार्यवाही कर यह सुनिश्चित किया जाए कि हितग्राही को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि भू-स्वामियों के खातों में आधार संख्या, मोबाइल नंबर, किसान किताब और जेंडर जैसी आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण कराने में भी तेजी लाई जाए, ताकि अभिलेख अद्यतन, सटीक और त्रुटिरहित

⏭ शेष पेज 3 पर



कुणाल दुदावत



## खबर संक्षेप

### चाकू सहित बदमाश युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, सूचना मिली शनिचरी रपटा के पास एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर राजेश उर्फ गोलू पासी पिता शंकर पासी 27 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा बेचने वाले तीन आरोपी पकड़े गए

बिलासपुर। पुड़िया में गांजा बेचने वाले दो नाबालिग व एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को सूचना मिली क्षेत्र में कुछ लोग सक्रिय होकर पुड़िया में गांजा बेच रहे हैं। उन्होने स्टाफ के साथ तिफरा विष्णु चौक निवासी रमन वर्मा 20 साल व दो नाबालिगों को पकड़ लिया। तीनों के पास से 1 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत तीनों पर कार्रवाई की है।

### ट्रैक्टर से युवक गिरा चक्के में दबकर मौत

बिलासपुर। रेत लेकर जा रहे ट्रैक्टर से एक युवक नीचे गिर गया। उसके ऊपर से चक्का चल जाने से मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत थाना के एसआई शिव सिंह बक्साल ने बताया, डगनिया निवासी महेन्द्र कुमार कश्यप पिता हरप्रसाद कश्यप 32 साल ट्रैक्टर चालक के साथ नदी में रेत लेने गया था। गाड़ी में रेत भरने के बाद वह चालक के साथ पीछे ट्राली में रेत पर बैठ गया। चालक के द्वारा रेत घाट में तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाने से महेन्द्र कश्यप उछल कर नीचे गया और ट्रैक्टर का चक्का उसके ऊपर से चल जाने से उसकी मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बिलासपुर। घरवालों को मेला देखने के लिए भेजकर युवक ने घर में पंखे पर लायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, बिरकोना निवासी सत्यानारायण खैरवार 24 साल प्राइवेट काम करते थे। 23 मार्च को वह पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्य को शिवनी मेला देखने जाने के लिए अशोकनगर चौक में बस बैठाया। उसके बाद घर जाकर अपने कमरे में पंखे पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास के लोगों ने उन्हें फांसी पर लटके देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया था। 24 मार्च को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है।

### पाकिटमारी करने वाली महिला गिरफ्तार

बिलासपुर। रतनपुर मां महामाया मंदिर में भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला व पुरूष से पाकिटमारी कर 5 हजार रुपए चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक महिला को गिरफ्तार कर चोरी की रकम जब्त कर ली है। रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैने बताया, 23 मार्च को मां महामाया मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई थी। भीड़ का फायदा उठाते हुए एक महिला व एक पुरूष के साथ पाकिटमारी कर 5 हजार रुपए चोरी कर लिया था। पीड़ितों की शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांजगीर अकलतरा पीपरपट्टी निवासी गौरी डेढे को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर महिला ने चोरी करना स्वीकर कर लिया है। पुलिस ने उससे चोरी की रकम 5 हजार रुपए जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि हर साल रतनपुर मां मंदिर में भीड़ को देखते हुए चोरी करने के लिए सक्रिय रहते हैं। चोरी की वारदात को देखते हुए मंदिर के चप्पे चप्पे में सीसीटीवी कैमरा लगाया है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है।

### उप डाकघरों के समय में किया गया परिवर्तन

बिलासपुर। मुख्य डाकघर की ओर से अधीक्षक ने एक आदेश जारी करते हुए संभाग के उप डाकघरों के समय में परिवर्तन किया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर डाक संभाग के उप डाकघर बम्हनीबाजार, बिर्रा, जैजैपुर, वीवीसीएल गेवरा प्रोजेक्ट, भैसमा, मरवाही, लोरमी, चंद्रपुर, डभरा, मालखरौदा छोड़कर शेष उप डाकघरों के समय में ग्राहकों की सुविधा के लिए समय में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत छुट्टी और रविवार व शनिवार को छोड़कर सामान्य दिवस में पूछताछ का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक, रजिस्ट्री स्पीड पत्र पार्सल की बुकिंग का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, बीमा पत्रों, पार्सल, व्ही पत्र, बीमाकृत स्पीड वस्तुओं की बुकिंग शाम 4 बजे तक होगी।

शासकीय पोल्ट्री से एक किलोमीटर के दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियां, चूजे-अंडे सबको नष्ट किया जाएगा

# बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किमी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में बीते दिनों 5 हजार मुर्गे व मुर्गियों की मौत होने के बाद कारणों का पता लगाने भोपाल भेजे गए सैंपल की जांच में बिलासपुर में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि कर दी गई है। इस रिपोर्ट के साथ ही शहर के चारों ओर दस किलोमीटर के क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कोनी स्थित प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में रखे गए सारे मुर्गे, मुर्गियों, चूजे एवं अंडों को पूरी तरह नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लुएंजा) की पुष्टि होने के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में संक्रमण की पुष्टि के बाद त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन भी किया जा चुका है। भोपाल स्थित लैब से पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र में कुक्कुटों एवं संबंधित सामग्री (दाना, अंडा, बोरी आदि) का नियमानुसार नष्टिकरण (किलिंग/कूलिंग) किया जाएगा। इसके लिए गठित टीम को 24 मार्च 2026 की शाम 7 बजे शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, बिलासपुर में उपस्थित होकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। गठित टीम में पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जो संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। यह पूरी कार्रवाई "एवियन इन्फ्लुएंजा एक्शन प्लान रिवाइज्ड 2011" के दिशा-निर्देशों के तहत की जाएगी। मुर्गियों की मौत के बाद कुक्कुट प्रक्षेत्र में आवश्यक जांच के लिए मंगलवार को रायपुर स्थित राज्य स्तरीय अनुसंधान कार्यालय से डा.नलिन शर्मा सहित दो विशेषज्ञों की टीम भी पहुंची थी।




### 10 किलोमीटर दायरे में मुर्गे-मुर्गियों के आवागमन पर प्रतिबंध


सैकड़ों मुर्गियों की मौत, गुपचुप तरीके से दफनाई-जलाई गई

हरिभूमि में मंगलवार को प्रकाशित खबर।

कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र से दस किलोमीटर के दायरे में मुर्गे, मुर्गियों, चूजे व अंडों को नष्ट तो नहीं किया जाएगा, लेकिन इनके आवागमन को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। आवागमन प्रतिबंधित करने के पीछे किसी भी तरह के संक्रमण को फैलने से रोकना मुख्य उद्देश्य है।

### 33 घरों हो रहा है मुर्गीपालन, शेष का पता लगाने घर-घर होगा सर्वे

पशुपालन विभाग द्वारा हाल ही में पशु एवं पक्षियों की गणना के लिए डोर-टू-डोर सर्वे कराया गया था। इस सर्वे में शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र कोनी से एक किलोमीटर के दायरे में 33 मकानों में मुर्गीपालन करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। ऐसे में इन घरों में तत्काल प्राथमिकता के आधार पर संक्रमित मुर्गियों को तत्काल नष्ट किया जा सकेगा। इसके साथ ही एक किलोमीटर के दायरे में हाल ही में मुर्गे-मुर्गियां व चूजे व अंडे रखने वालों का पता लगाने डोर टू डोर सर्वे कर उनके नष्टीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।





मंगलवार को कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में जांच दल पहुंचा।

### की गई है बर्ड फ्लू की पुष्टि

भोपाल स्थित संस्थान मध्य भारत में मुर्गे व मुर्गियों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की जांच करने वाला एकमात्र संस्थान है। उक्त संस्थान ने कुक्कुट प्रक्षेत्र कोनी में बर्ड फ्लू से ही मुर्गियों की मौत होने की पुष्टि कर दी है। ऐसे में शहर को हाई अलर्ट मोड में रखा गया है। प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियों चूजे व अंडों को पूरी तरह नष्ट किया जाएगा। इसी तरह सावधानी के तौर पर दस किलोमीटर के दायरे में इन पक्षियों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगा दिया गया है।

- जीएस तंवर, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग



### संक्रमण फैलने से रोकने सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें - कलेक्टर

जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि होते ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार की देर रात बर्ड फ्लू से प्रभावित कोनी क्षेत्र का संयुक्त दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की और मौके पर मौजूद स्वास्थ्य, पशुपालन एवं नगर निगम की टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी दौरे पर उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि संक्रमण को फैलने से रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बाद आवागमन पर नियंत्रण रखा जाए। साथ ही संक्रमित पोल्ट्री एवं पक्षियों के सैंपलिंग, किलिंग (कुलिंग) एवं सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से सुनिश्चित की जाए। आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्कता बढ़ाते हुए सघन निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाए तथा किसी भी संदिग्ध लक्षण पर तत्काल उपचार की व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग को पोल्ट्री फार्मों की सतत निगरानी और आवश्यक प्रतिबंध लागू करने के लिए कहा गया।



■ कलेक्टर-एसएसपी ने कोनी क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

### कंटेनमेंट जोन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए : एसएसपी

एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंटेनमेंट जोन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए और अनावश्यक आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर नियंत्रण रखते हुए लोगों को सही जानकारी उपलब्ध कराना भी जरूरी है। नगर निगम को क्षेत्र में स्वच्छता, सैनिटाइजेशन एवं अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# जेल से छूटने के बाद 40 बाइक में युवकों ने निकाली रंगदारी रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छूटने के बाद आरोपी के साथियों ने 40 बाइक में रंगदारी रैली निकाली, युवकों ने शहर व सरकण्डा क्षेत्र में आतिशबाजी कर, स्टिक राड, चाकू रखकर रंगदारी करते हुए जमकर हंगामा मचाया। सरकण्डा पुलिस ने जेल से छूटे आरोपी व उसके साथियों को पकड़कर तलाशी ली तो दो युवकों के पास चाकू मिला। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार फिर से सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

डेढ़ साल पहले लोयला स्कूल के पास छात्र व उसके भाई के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने के मामले में चिंगराजपारा निवासी हर्ष उपाध्याय जेल में बंद था। 23 मार्च को वह जमानत पर जेल से छूटा तो 30 से 40 बाइक में युवक उसे लेने गए थे। हर्ष उपाध्याय के जेल से बाहर निकलते ही फूलों की माला पहनाकर उसका स्वागत किया गया। उसके बाद युवक जेल से बाइक रैली निकालकर हंगामा मचाते हुए सरकण्डा चिंगराजपारा जा रहे थे। बाइक सवार युवक स्टिक राड व हथियार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहे थे। जगह जगह बाइक रोककर आतिशबाजी कर रहे थे, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा था।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली तो वे स्टाफ के पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पास तैनात हो गए। दूर से पुलिस को देखकर युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर जेल से छूटे हर्ष उपाध्याय पिता मनो उपाध्याय 21 साल चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी को पकड़ा, उसके पास धारदार चापड़ मिला, इसी तरह उसके साथी डबरीपारा निवासी अजय साहू पिता अमित साहू 20 साल के पास से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### हथियार सहित दो गिरफ्तार



■ हत्या के प्रयास के आरोपी के जेल से छूटने पर मनाया जश्न

■ जमकर आतिशबाजी कर मचाया हंगामा

### शहर की पुलिस नींद में

हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छूटने के बाद उसके सहयोगी युवक पुलिस लाइन के सामने से रैली निकालते हुए शहर के अंदर हंगामा मचाते रहे, ये युवक 4 किलो मीटर दूर सरकण्डा पटवारी प्रशिक्षण केंद्र तक पहुंच गए। इस दौरान संबंधित क्षेत्र की पुलिस को रैली का भनक तक नहीं लगी। इससे समझा जा सकता है कि शहर के अंदर पुलिस क्या करती है। वास्तविकता यह है कि अंधेरा होने के बाद शहर के किसी कोने में पुलिस नजर नहीं आती है।



### युवक को टक्कर मारकर अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, लगी आग

बिलासपुर। मंगलवार की रात 9 बजे लोखंडी में एक युवक लक्ष्मण केवट को टक्कर मारकर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार तेज होने से कार में आग लग गई जिससे कार पूरी तरह से जल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से आग बुझाया गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### श्री हनुमान महापाठ में पं. विजय शंकर का व्याख्यान कल

बिलासपुर। श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा 26 मार्च को महा अष्टी के अवसर पर शाम 6 बजे से महामाया मंदिर परिसर ग्राम नगोई बैमा में श्री हनुमान महा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता का व्याख्यान होगा। इसका मुख्य विषय रामू सहज आनंद निधानू पर आधारित होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। अंत में श्री अनुमान की आरती होगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू , डिप्टी सीएम अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी अतिथि होंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के संयोजक मनोज भंडारी, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील खंडेलवाल, महासचिव संजय रजक, संजय बुधिया, नारायण आवटी, रामकिशोर अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, ललित पुजारा, चितरू अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, प्रसन्न सिंह ठाकुर, अनंत बाजपेयी, जूही जैन आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।





रिंग रोड टू गौरव पथ स्थित कबाड़ी की दुकान में लगी आग।

# मोटर पंप की चिंगारी से कबाड़ दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोटर पंप की चिंगारी से कबाड़ दुकान आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है। आग से कबाड़ जल गया है।

रिंग रोड टू गौरव पथ शराब दुकान के बगल में सालिक कबाड़ी की दुकान व गोदाम है। ऊपर घर में वह परिवार के साथ रहता है। गोदाम के पीछे में मोटर पंप लगा हुआ है और बोरियों में प्लास्टिक, खाली शीशी सहित अन्य कबाड़ के सामान रखे हुए थे। मंगलवार की शाम 7 बजे नल चालू होने पर घरवालों के द्वारा मोटर पंप चालू किया गया। पंप के चिंगारी से कबाड़ सामान में आग लग गई। कुछ देर बाद दुकान व घर के अंदर धुंआ भर जाने से दुकान संचालक ने गोदाम में जाकर देखे तो कबाड़ के सामान में आग लगी हुई थी। आग लगने की खबर से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कबाड़ दुकान संचालक ने तत्काल पुलिस व फायरब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस व एसडीआरएफ की टीम एक दमकल पानी लेकर कबाड़ दुकान पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम बिजली कनेक्शन बंद कराने के बाद पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। 1 घण्टे में आग पर काबू पा लिया गया है। आग से कबाड़ का सामान जल गया है।

फिर धोखा प्रयागराज की फ्लाइट सप्ताह में एक दिन, जबलपुर उड़ान बंद

# बिलासपुर से दिल्ली और कोलकाता की सीधी उड़ान बंद, वाया अंबिकापुर उड़ेगी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलायंस एयर ने बिलासपुर से उड़ान के परिचालन को एक बार फिर झटका लगा है। दिल्ली और कोलकाता की सीधी उड़ान बंद कर अब फ्लाइटों को वाया अंबिकापुर से चलाया जाएगा। समर शेड्यूल में बदलाव करते हुए अलायंस एयर ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है।

अलायंस एयर ने 28 मार्च से शुरू होने वाले समर शेड्यूल की घोषणा कर दी है। दिल्ली के लिए 4 दिन फ्लाइट बिलासपुर से मिलेगी लेकिन यह अंबिकापुर होकर चलेगी। इससे पहले एयर लाइन्स कंपनी ने दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट चलाने के घोषणा की थी, फ्लाइट सोम, बुध, शुक्र और शनिवार को चलेगी। साथ ही बिलासपुर से कोलकाता के लिए गुरू व शनिवार को फ्लाइट मिल सकेगी, यह फ्लाइट भी अंबिकापुर से होकर कोलकाता जाएगी। खास बात यह है कि यह दोनों फ्लाइट पहले सीधी उड़ान के तहत बिलासपुर से चलती थी। जगदलपुर, जबलपुर की फ्लाइट को ब्रेक लगा दिया गया है। वहीं प्रयागराज के लिए हफ्ते में एक फ्लाइट दी गई है। ऐसे में इन शहरों में यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल मंगलवार व रविवार को कोई फ्लाइट नहीं है, जबकि शनिवार को कोलकाता व दिल्ली की दोनों फ्लाइट मिलेगी।



### संघर्ष समिति ने जताया एतराज

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अलाइंस एयर के द्वारा जारी समर शेड्यूल में एतराज जाहिर किया है। सदस्यों ने कहा कि राज्य के छोटे हवाई अड्डो में इंडिगो जैसे एयरलाइंस के परिचालन में सरकार विफल रही है। वहीं सभी उड़ानें अलायंस एयर को ही दे दी है। सदस्यों ने कहा कि बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में उड़ान चलाने में एकलौती अलायंस कंपनी पर्याप्त नहीं है। सीमित विमान होने का खामियाजा यात्रियों का भुगतना पड़ता है।

### रायपुर को मिल रही है सुविधा

दरअसल राज्य शासन ने ही अलाइंस एयर से रायपुर -जगदलपुर-हैदराबाद की उड़ान शुरू कर चुकी है। वहीं पहले से 3 रायपुर के बड़े विमान इंडिगो के हैदराबाद फ्लाइट मौजूद है। कई बार बिलासपुर से हैदराबाद की उड़ान की मांग की गई है, जिससे अनसुना कर दिया जाता है। बिलासपुर-जगदलपुर - हैदराबाद की फ्लाइट मिलने से यात्रियों को सुविधा मिल सकती है। लोगों का कहना है कि ज्यादातर हवाई सुविधा रायपुर के भरोसे ही प्रदेश में चल रही है।

# स्कार्पियो में लिखा पुलिस और बाउंसरों को बैठा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कार्पियो में पुलिस लिखकर बाउंसर को बैठा दिया और गाड़ी शहर में घुमाने लगा, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने स्कार्पियो को जब्त कर गाड़ी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार को सोशल मीडिया में आगे व पीछे पुलिस लिखी स्कार्पियो में तीन चार बाउंसरों के बैठकर घूमते हुए वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीड़ियो को गंभीरता से लेते हुए एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल को स्कार्पियो की पतासाजी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वीड़ियो के आधार पर उन्होंने सिविल लाइन पुलिस के साथ स्कार्पियो संचालक करबला निवासी विरेन्द्र जैन पिता प्रवीण कुमार जैन को पकड़कर पुलिस लिखी स्कार्पियो को जब्त कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, गाड़ी जब्त कर संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। जांच के बाद गाड़ी में बैठकर घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है उक्त स्कार्पियो पूर्व में पुलिस विभाग में चल रही थी। कुछ माह पूर्व में निजी वाहनों को पुलिस विभाग से हटा दिया है।




आरोपी से जब्त स्कार्पियो।



आरोपी।

### सख्त कार्रवाई होगी

निजी गाड़ी में पुलिस, जिला प्रशासन व अन्य विभाग का बोर्ड व नाम लिखाकर आवागमन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। स्कार्पियो में पुलिस लिखकर वीडियो बनाकर वायरल करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

- रजनेश सिंह एसएसपी

## खबर संक्षेप



### संभागीय अग्रवाल महिला समिति ने मनाया गणगौर उत्सव

**कोरबा।** संभागीय अग्रवाल महिला समिति द्वारा गणगौर उत्सव और नववर्ष अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन अग्रोहा भवन में किया गया। इस अवसर पर गणगौर का दरबार सजाया गया, गणगौर पूजन की सुंदर थालियां सज्जा कि गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजेता को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष उमा बंसल ने बताया कि नई विवाहिता, गणगौर पूजने वाली बहूओं को आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में गणगौर के बारे में प्रश्नोत्तरी की गई। प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को हमारी संस्कृति और हमारे त्यौहारों से जोड़ना है ताकि वे अपनी विरासत पहचाने और उसका सम्मान करें। कार्यक्रम में सुंदर गीत नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, मोनिका अग्रवाल सुनीता देवड़ा ,लीना अग्रवाल, गिरजा सुल्तानिया इन गायिकाओं ने अपने मधुर स्वरों में गणगौर के बहुत सुंदर-सुंदर गीत प्रस्तुत किया जिन्होंने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। सरिता अग्रवाल ,उर्मिला डीडवानिया ,कीर्ति अग्रवाल और मनीसा अग्रवाल इन्होंने सारी प्रतियोगिताएं बहुत ही सुंदर ढंग से आयोजित की और उनका निर्णय सुनाया, पूर्व महापौर रेनू अग्रवाल द्वारा सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### केशरवानी वैश्य सभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**कोरबा।** छग राज्य केशरवानी वैश्य के तीनों सभा, बिलासपुर नगर केशरवानी वैश्य के तीनो सभा के संयुक्त आयोजन में अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा की द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं छग राज्य केशरवानी वैश्य सभा के तीनों सभाओं के शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन केसरी, राष्ट्रीय संरक्षक द्वय शिव कुमार वैश्य एवं राजीव गुप्ता, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीए उमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष रतनमणि केशरवानी, कमलेश गुप्ता, अर्जुनलाल केसरी, गजेंद्र केसरी, राष्ट्रीय महामंत्री संजय केसरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सतीश केसरवानी, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ वीरेंद्र केसरवानी, शंकरलाल केसरवानी, राष्ट्रीय महिला महासभा की संरक्षक श्रीमती कल्याणी अश्विनी केसरवानी, राष्ट्रीय महिला महासभा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती दिव्या उमेश केसरवानी, राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीलेश गुप्ता, महामंत्री राजेश गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक प्रो अश्विनी केसरवानी, विजय केशरवानी, अशोक केसरवानी , निवर्तमान अध्यक्ष और संरक्षक अशोक केशरवानी, महिला सभा छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शिव केशरवानी, महामंत्री श्रीमती भावना सूर्यप्रकाश केसरी, तरुण सभा के अध्यक्ष मधुकर गुप्ता, महामंत्री चंद्रधर केसरी, उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष तीर्थराज गुप्ता, अश्विनी केसरवानी, प्रदेश महिला सभा के राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमती कल्याणी केशरवानी और प्रदेश तरुण सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 8 सौ ज्योतिकलश से जगमगा रहा मां मड़वारानी का दरबार

**कोरबा।** आदि शक्ति पर्वत वासनीय माता मड़वारानी दाई मंदिर पहाड़ ऊपर मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति पंजीयन क्रमांक 368 विस चैत नवरात्रि पर्व 19 मार्च को ज्योतिकलश प्रज्वलित हुई है। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा 823 ज्योति कलश प्रज्वलित हुई। 25 मार्च को सप्तमी पूजन एवं जसजीत जागरण होगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एमडी के फरफान...

समाधान हो सके लेकिन जिले के अधीक्षण यंत्री बीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने ने प्रस्ताव बनाकर ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा पर पहल नहीं की। जब प्रबंध संचालक भीम सिंह को पुनः गौमुखी सेवा धाम के कुछ लोगों ने इसकी सूचना दी तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रस्ताव बनाने में लापरवाही व ट्रांसफार्मर नहीं लगाने की दिशा पर पहल करने वाले जिले के अधीक्षण यंत्री डीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस निलंबन की कार्यवाही से विद्युत वितरण विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### भूस्वामियों के...

बने रहें। जिले में जनहानि, फसल-क्षति या पशु-हानि से संबंधित आरबीसी 6-4 के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश भी दिए गए हैं। भू-अर्जन प्रकरणों की समय-सीमा में कार्यवाही और लिए गए शुल्क की पारदर्शिता पर भी कलेक्टर ने विशेष बल दिया। अभिलेख शुद्धता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि त्रुटिपूर्ण, संदेहास्पद, शून्य रकबा या अपूर्ण प्रविष्टियों वाले सभी अभिलेखों का सुधार सुनिश्चित किया जाए।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए एसईसीएल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**नई दिल्ली में जलशक्ति राज्यमंत्री ने किया पुरस्कृत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जल संरक्षण एवं औद्योगिक जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसईसीएल को वाटर डाइजेस्ट अवार्ड 2026 के अंतर्गत इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल वाटर मैनेजमेंट एंड स्ट्यूअर्डशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी के करकमलों से प्रदान किया गया। एसईसीएल की ओर से यह पुरस्कार कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं निदेशक तकनीकी, योजना एवं परियोजना रमेश चंद्र महापात्र द्वारा ग्रहण किया गया।

यह सम्मान एसईसीएल द्वारा संचालित खान जल के सदुपयोग के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। इस योजना के माध्यम से खदानों से निकलने वाले जल को आसपास के क्षेत्रों में जल संकट को कम करने के साथ-साथ स्थानीय किसानों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि जल संरक्षण हमारे लिए प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। एसईसीएल सतत एवं जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्ध है, और खान जल का सदुपयोग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से हम न केवल संसाधनों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि आसपास के समुदायों, विशेषकर किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं। एसईसीएल की इस पहल से जहां एक ओर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है, वहीं किसानों को सिंचाई के लिए विश्वसनीय जल स्त्रोत मिलने से अब वे वर्ष में दो फसलें लेने में सक्षम हो रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्र में सतत जल प्रबंधन को भी मजबूती मिली है, जो समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**प्रत्येक ब्लॉक में एक नर्सरी है स्थापित, पताढ़ी नर्सरी की ढाई लाख में हुई नीलामी**

# आम फसल की अच्छी पैदावार, उद्यानिकी विभाग ने नीलामी की शुरु की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष आम की अच्छी पैदावार होने से उद्यानिकी विभाग को बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष नर्सरियों की नीलामी से सर्वाधिक आय की उम्मीद बनी हुई है। उद्यानिकी विभाग के द्वारा नर्सरियों की नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अब तक 3 नर्सरियों की नीलामी हो चुकी है इनमें पताढ़ी नर्सरी की नीलामी ढाई लाख में हुई है।

फलों के कारोबारियों के द्वारा प्रतिवर्ष उद्यानिकी विभाग की नर्सरी से फलों की खरीदी नीलामी के माध्यम से करते हैं जिससे विभाग को विभिन्न फलों की नीलामी से एक बड़ी राजस्व आय प्राप्त होती है। फलों की इस नीलामी में सर्वाधिक आय आम के नीलामी से होती है। प्रतिवर्ष मार्च महीने में उद्यानिकी विभाग के द्वारा प्रक्रिया शुरु की जाती है। इस वर्ष भी नए वित्तीय वर्ष शुरु होने के पूर्व विभाग के द्वारा पाली, पोड़ी और पताढ़ी नर्सरी की नीलामी की है। इनमें पताढ़ी की नर्सरी ढाई लाख रुपए में नीलाम हुई है। इसके अलावा पाली और पोड़ी नर्सरी 2 लाख में नीलाम होना बताया गया है। विभाग के द्वारा और नर्सरियों कटघोरा और करतला की नीलामी की प्रक्रिया भी महीने के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। आम फलों के अलावा कटहल और पपीता जैसे फसलों की भी नीलामी इस प्रक्रिया में शामिल रहती है। नीलामी में भाग लेने के लिए प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी फल के कारोबारी भाग लेते हैं। स्थानीय कारोबारियों की संख्या भी नीलामी में भाग लेने के दौरान बढ़ी है।



**ग्रामीण भी खुले मार्केट में बेचते हैं आम**

नर्सरी के अलावा जिले के ग्रामीण अंचलों में बड़े किसान जिनके अपने फार्म हाउस हैं और आम के बगीचे हैं उनके द्वारा आम में मौर आते ही फसल की रखवाली के लिए कर्मचारी तैनात कर देते हैं और मई महीने में इसे तोड़कर बिक्री कर देते हैं। इनकी खरीदारी भी बड़े पैमाने पर आम फलों के कारोबारियों द्वारा की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से जिले में यह चलन भी बढ़ा है।

**पसान में स्थापित हुई थी जूस बनाने की यूनिट**

जिले में फलों से जूस बनाने की लिमिट पसान में स्थापित हुई थी। सीताफल की सर्वाधिक पैदावार होने के कारण बिलासपुर और पेंड्रा जिले के फलों के कारोबारी गांव गांव पहुंचकर सीताफल की खरीदारी करते थे। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने बिहान योजना के द्वारा सीता फल जूस बनाने की यूनिट स्थापित की थी और इसके संचालन का जिम्मा स्व सहायता समूह को दिया गया था जो एक साल चलने के बाद बंद हो गई।

**नीलामी की प्रक्रिया चल रही है**

उद्यानिकी विभाग के द्वारा जिले के 5 नर्सरियों से आम फलों के लिए नर्सरी की नीलामी चल रही है। अब तक 3 नर्सरी की नीलामी हुई है दो नर्सरी के नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी।

-पंतराम सिंह
सहायक संचालक, उद्यानिकी विभाग

# खेलो इंडिया में जिले के पांच खिलाड़ियों का हुआ है चयन



चयनित खिलाड़ियों के साथ टीम के प्रशिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अलग अलग स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। छग किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुद्वान ने बताया कि खेलो इंडिया मुहिम के तहत देशभर के 150 शहरों में अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में किया गया है। इसी कड़ी में अस्मिता खेलो इंडिया ईस्ट, वेस्ट, नार्थ एवं साउथ जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न होने के पश्चात राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग लीग का आयोजन 24 से 29 मार्च तक चेन्नई, तमिलनाडु में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 33 बालिका एवं महिला किकबॉक्सर भाग लेंगे। जिसमें जिले के सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी से लोकिता चौहान, नाफ़यिा सिद्दिकी, श्रेया लक्ष्मी साहू, कर्रा तेजस्विनी एवं हर्षिता यादव का गत वेस्ट जोन किकबॉक्सिंग स्पर्धा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उक्त प्रतियोगिता फेडरेशन के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बालिकाओं एवं महिला खिलाड़ियों के कौशल विकास हेतु कराई जा रही है, जिसमें पॉइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, फूल कांटेक्ट, लो किक, म्यूजिकल फॉर्म्स आदि के किकबॉक्सिंग इवेंट्स संपादित होंगे। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

# बालको ने विश्व जल दिवस पर चलाया सामुदायिक जल संचय अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने विश्व जल दिवस के अवसर पर मोर जल मोर माटी परियोजना के अंतर्गत तालाब पुनर्जीवित अभियान का आयोजन किया। इस पहल में 150 से अधिक कर्मचारी और स्थानीय समुदाय के लोग शामिल हुए, जिन्होंने पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और सतत जल उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया। यह पहल जल प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि जल संरक्षण, सतत विकास और मजबूत समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। मोर जल मोर माटी परियोजना के माध्यम से हम स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर जल संसाधनों को पुनर्जीवित कर रहे हैं, जिससे कृषि, आजीविका और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा मिल रहा है। हमारा उद्देश्य दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इन प्रयासों से अब तक 40 से अधिक गांवों में जल संरक्षण संरचनाएं विकसित और पुनर्जीवित की जा चुकी हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ी है और खेती को मजबूती मिली है। साथ ही परियोजना के तहत कुल 158 जल संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 129 खेत तालाब, 15 सामुदायिक तालाब, 12 चेक डैम और 2 लाइनिंग तालाब शामिल हैं। इनकी कुल जल संग्रहण क्षमता 2.30 लाख घन मीटर से अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में ही 22 नई संरचनाएं 21 खेत तालाब और 1 सामुदायिक तालाब बनाई गई हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 22 हजार घन मीटर है। इन जल संरचनाओं से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे वे अब केवल बारिश पर निर्भर नहीं हैं। किसान अब साल में कई फसलें उगा पा रहे हैं और अपनी आय में भी वृद्धि कर रहे हैं। साथ ही, पशुपालन के लिए भी पानी की उपलब्धता बेहतर हुई है। कंपनी के इस परियोजना से क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ा है और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता बनी रहती है। तालाबों और जल संरचनाओं के पुनर्निर्माण से बारिश का पानी आसानी से संग्रहित होता है, जिससे पानी का बेकार बहना कम होता है। साथ ही आसपास का पर्यावरण संतुलित रहता है। कंपनी पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। साथ ही ऐसे प्रयासों से स्थानीय समुदाय के साथ कंपनी का भरोसा और संबंध भी मजबूत होता है, जो भविष्य के लिए सकारात्मक और स्थायी विकास सुनिश्चित करता है।



जल संचय अभियान के दौरान उपस्थित ग्रामीण व बालको के अधिकारी।

# छुरी राम मंदिर में राम कीर्तन साप्ताहिक जाप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



छुरी के साप्ताहिक बाजार के पास राम मंदिर में राम कीर्तन साप्ताहिक जाप का आयोजन किया गया है। यह आयोजन लगातार 24 घण्टे चलते रहता है जिसमे करीब 12 समाज के लोगो का ग्रुप बनाया गया है जिसमे सभी समाज के लोगो को अपने अपने टीम के सांथ दो दो घण्टे का समय दिया जाता है जिसमे ग्रुप के सभी लोगो को मंदिर के अंदर मंदिर की परिक्रमा लगाते हुए श्री राम जय राम जयजय राम नाम का जाप करना होता है इस प्रक्रिया को सभो समाज के लोग क्रमवार हर दो दो घण्टे करते हैं। यह राम नाम का जाप चौबीसों घण्टे लगातार 7 दिवस तक चलते रहता है जिसकी शुरुआत 20 मार्च 26 से की गई थी जिसका समापन 27 मार्च को रामनवमी के दिन किया जाएगा व अगले दिवस पूरे नगरवासियों सहित आने जाने वाले नागरिकों के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे का वितरण किया जाएगा। छुरी निवासी नगर पंचायत छुरी के पूर्व पार्षद राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में किसी भी समाज के सांथ किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाता हैं सभी स्माज के लोगो से पहले उनसे समय ले लिया जाता है उसी हीसाब से सभी समाज के लोगो को क्रमवार मंदिर के अंदर रामनाम का कीर्तन करते हुए परिक्रमा लगाना होता है जो कि चौबीसों घण्टे तक लगातार चलते रहता है इस आयोजन में छुरी के सभी नागरिकों का सहयोग रहता है।

# सीएमएचओ ने एसएमओ और सुपरवाइजरों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएमएचओ ने सभी एसएमओ और सुपरवाइजरों की बैठक लेकर सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया है। सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम में जहाँ से टारगेट के विरुद्ध कम उपलब्धि है उनको इस माह के अंत तक उपलब्धि पूर्ण करने के निर्देश दिए गए वही उपचार रत सभी मरीजों को हाइड्रॉक्सी यूरिया,फोलिक एसिड की गोली और विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के समीक्षा करते हुए 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस में अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से शुभारंभ करवाने, ज़्यादा से ज़्यादा टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बनवाने, उनके परिजनों को बुलाकर टी बी उन्मूलन की हेतु शपथ दिलाना है । 24 मार्च से सौ दिवसीय टीबी खोज अभियान के पुनः आरम्भ होने जा रहा है जिसकी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

लेप्रोसी के मरीजों का फॉलो अप एवं उसके आस पास के कम से कम 40 लोगों को सिंगल डोज रिफ़ैंपिशिन देने के निर्देश दिए गए है। संचारी रोगों का क्षेत्र में सर्विलेंस कर आईडीएसपी पोर्टेल में एट्री करने के निर्देश दिया ज्ञा है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले सभी मरीजों का एनसीडी जाँच, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उच्च रक्तचाप,सुगर के मरीजों का नियमित जाँच उपचार कर एनसीडी पोर्टल में जानकारी अपलोड करने हेतु निर्देश दिया गए है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी गर्भवती महिलाओं का आरसीएच 2 में 12 सप्ताह के अंदर पंजीयन, कम से कम 4 बार नियमित डायग्नोसिस जाँच एवं उच्च जोखिम गर्भवती का पहचान कर हर माह जाँच और महिला रोग विशेषज्ञ से समय समय में जाँच करवाने, आयरन एवं कैल्शियम कि 60 गोली देना है।

TOP IN KORBA

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. / बी-121/2026 ग्राम मड़वाढ़ोढ़ा प.ह.नं. 46 तहसील कटघोरा जिला कोरबा**

एतद् द्वारा आम जनता मौजा मड़वाढ़ोढ़ा प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. मड़वाढ़ोढ़ा तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक समेलाल पिता स्व. नारायण सिंह जाति कंवर, मड़वाढ़ोढ़ा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने पिता नारायण सिंह पिता हीराराम का मृत्यु 17-09-2013 को स्थान मड़वाढ़ोढ़ा, तहसील कटघोरा स्थित स्वयं के घर में मृत्यु हो जाने का लेख करते हुए मृत्यु प्रमाण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25.03.2026 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी कटघोरा**

**न्यायालयः- श्रीमान सुनील कुमार नन्दे, तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार नोटिस**

**प्रोसेस कमांक 279/2026**
**सिविल एम.जे.सी. क्रमांक 41/2026**
**पेशी तिथि 09.04.2026**

**श्रीमती सरिता देवी ...........अपीलार्थी**
**बनाम**
**श्रीमती दिव्यानी बंजारे वगैरह .....उत्तरवादीगण**

सर्वसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमती सरिता देवी के द्वारा उत्तरवादीगण श्रीमती दिव्यानी बंजारे वगैरह के विरूद्ध आवेदन अंतर्गत आदेश 43 नियम 01 व्य.प्र.सं. के तहत दिलेराम की मृत्यु दिनांक 13.06.2022 को हो जाने के कारण उसके नाम पर महाप्रबंधक सेंटल वर्कशॉप एस.ई.सी.एल. एवं सह प्रबंधक निदेशक एस.ई.सी.एल. में जमा राशि सी.एम.पी.एफ., ग्रेज्यूटी व अन्य मदों में कुल राशि 71,25,216/-(इकहत्तर लाख पचीस हजार दो सौ सोलह रूपये) को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्रप्रदाय किये जाने के संबंध में न्यायालयः श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जो निरस्त होने के कारण न्यायालयः- तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला-कोरबा छ.ग. के न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 09.04.2026 को नियत है। अतः उत्तरवादी कमांक 01 (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो), को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09.04.2026 को 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। नोट :- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 24.03.26 न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**सुनील कुमार नन्दे**
**तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छग)**

**न्यायालय माननीय दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस/नोटिस**

दावा प्र.क्र. अपंजीकृत
पेशी तारीख 4.5.2026
आदेश दिनांक 19.03.2026
प्रोसेस नंबर 95

धर्मेन्द्र कुमार कुरासी....आवेदक
**बनाम**
किशोर केवट वगैरह....अनावेदकगण

प्रति,
अली रजा पिता अब्दुल अजीज निवासी पुरानी बस्ती कोरबा, तहसील व जिला कोरबा छ.ग.

आवेदक के द्वारा इस न्यायालय में एक क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण धारा 166 मो. यान अधिनियम के तहत अपने को आई मोटर दुर्घटना में गंभीर चोटे के संबंध में क्षतिपूर्ति दिलाने बाबत पेश किया है जिसमें आप पक्षकार क्रमांक 2 के रूप में संयोजित किये गये हो। उक्त दावा प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि दिनांक 4.5.2026 को आपके उपस्थिति हेतु तिथि नियत है।

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 4.5.2026 को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसको सम्यक अनुदेश दिये गये हो, मय अपने पक्ष के दस्तावेज सहित उपसंजात होकर दावा प्रकरण का जवाब/आपत्ति पेश करे यदि उक्त सुनवाई तिथि को अनुपस्थित रहते है तो दावा प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की कीगयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यदि पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या किन्ही कारणों से शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

अतः आज दिनांक 24.3.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील (मुहर) लगाकर जारी किया गया।
स्थान-बिलासपुर
दिनांक-24.03.2026

**(आदित्य जोशी)**
**सदस्य-दशम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय माननीय दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस/नोटिस**

दावा प्र.क्र. अपंजीकृत
पेशी तारीख 4.5.2026
आदेश दिनांक 19.03.2026
प्रोसेस नंबर 94

श्रीमती पुष्पलता कुरासी....आवेदिका
**बनाम**
किशोर केवट वगैरह....अनावेदकगण

प्रति,
अली रजा पिता अब्दुल अजीज निवासी पुरानी बस्ती कोरबा, तहसील व जिला कोरबा छ.ग.

आवेदक के द्वारा इस न्यायालय में एक क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण धारा 166 मो. यान अधिनियम के तहत अपने को आई मोटर दुर्घटना में गंभीर चोटो के संबंध में क्षतिपूर्ति दिलाने बाबत पेश किया है जिसमें आप पक्षकार क्रमांक 2 के रूप में संयोजित किये गये हो। उक्त दावा प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि दिनांक 4.5.2026 को आपके उपस्थिति हेतु तिथि नियत है।

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 4.5.2026 को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसको सम्यक अनुदेश दिये गये हो, मय अपने पक्ष के दस्तावेज सहित उपसंजात होकर दावा प्रकरण का जवाब/आपत्ति पेश करे यदि उक्त सुनवाई तिथि को अनुपस्थित रहते है तो दावा प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की कीगयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।


यदि पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या किन्ही कारणों से शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

अतः आज दिनांक 24.3.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील (मुहर) लगाकर जारी किया गया।
स्थान-बिलासपुर
दिनांक-24.03.2026

**(आदित्य जोशी)**
**सदस्य-दशम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### बिरदा में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक

**हरदीबाजार।** बिरदा में आयोजित श्रीमद् शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल होकर कथा श्रवण किए। इस पावन अवसर पर कथा वाचक पंडित श्री प्रणव महाराज के श्रीमुख से भगवान शिव की महिमा का रसपान रजवाड़े परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन श्री शिवमहापुराण कथा 19 से 26 मार्च तक दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक उपस्थित श्रोताओं व क्षेत्रवासियों को अनवरत श्रवण कराया जा रहा है। विधायक प्रेमचंद पटेल ने पूजा-अर्चना कर महराज से आध्यात्मिक ज्ञान का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे दिव्य आयोजन समाज में धर्म, आस्था, संस्कार एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को सदाचार एवं धर्ममार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य विनोद कुमार यादव, ललित कुमार राजवाड़े , युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक राजवाड़े, मन्नु राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### रैम्प योजनान्तर्गत उद्योग एवं बैंकर्स बैठक संपन्न



**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित रैम्प योजना के अंतर्गत जिले के उद्योगों एवं बैंकर्स की बैठक का आयोजन कावेरी होटल डीडीएम स्कूल रोड में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति 2025-30 के तहत उपलब्ध विभिन्न सब्सिडी एवं आर्थिक सहायता संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, विभागीय हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित बैंकों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान योजनाओं की प्रगति को लेकर विभिन्न बैंकों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यूको बैंक कोरबा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी, उद्योगपति तथा विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला अजा मोर्चा की परिचात्मक बैठक संपन्न



**कोरबा।** जिला भाजपा के अजा मोर्चा की अध्यक्ष, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षकों व कार्यकारिणी सदस्यों का परिचात्मक  बैठक भाजपा कार्यलय में सम्पन्न हुआ। बैठक में महापौर संजू देवी राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंग, अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, मोर्चा के अध्यक्ष राजेश लहरे, उपस्थित रहें। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते महापौर नें कहा कि पार्टी में पद छोटा या बड़ा नहीं होता, कार्यकर्त्ता बड़ा होता है। आप सभी संगठन के कार्यों कों मजबुती प्रदान करें। डॉ संजीव सिंह ने कहा कि अजा मोर्चा भाजपा पार्टी का मुख्य अंग है आप सब जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करते हर वर्ग को जोड़ना है। सरजू अजय ने कहा कि पार्टी नें कमान सौंपा है युवा नेतृत्व को सौंपा है आप सभी कों विश्व की सबसे बडी पार्टी मे काम करने का अवसर मिला है।  मोर्चा के कार्यों को गति प्रदान करते समाज को जोड़ना है।

# ग्रामीण अंचलों में भी सड़कों के किनारे से हटाए जाएंगे बेजाकब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

शहरों की तर्ज पर ग्रामीण अंचलों की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की भी तैयारी चल रही है। कुछ सड़कों के लिए टेंडर जारी होने के साथ ही निर्माण की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है। ऐसी सड़कों के किनारे किए गए बेजाकब्जा को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। कोरकोमा बताती मार्ग के चौड़ीकरण का काम शुरु हो चुका है। सबसे पहले कार्यवाही इस मार्ग से शुरू होगी। मार्ग के किनारे बेजाकब्जा का चिन्हांकन कर लिया गया है।

ग्रामीण अंचलों में जैसे जैसे सड़कों का जाल बिछता जा रहा है उसके किनारे शासकीय जमीनों में शहरों की तर्ज पर बेजाकब्जा भी बढ़ने लगे हैं। यहां तक कि इन सड़कों के चौक चौराहे भी बेजाकब्जाधारियों की चपेट में है जिससे कई बार चौक चौराहो में ही हादसे होने लगे हैं। कार्यवाही नहीं होने की वजह से शहर के लोग भी अब ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के किनारे कब्जा कर दुकान खड़ी करने लगे हैं। अब तक इस ओर किसी की नजर नहीं जाने की वजह से धीरे धीरे बेजाकब्जा बढ़े हैं। पिछले दिनों राजस्व विभाग की बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के किनारे बेजाकब्जा को भी गंभीरता से लिया था। इन सड़कों में फिलहाल कोरकोमा पसरखेत बताती मार्ग प्रमुख रुप से शामिल हैं जिसके चौड़ीकरण का काम शुरु हो चुका है। इस सड़क के किनारे शासकीय स्कूल के समीप सड़क के दोनों ओर से लेकर बताती चौक और पसरखेत चौक में भी बेजाकब्जा तेजी से बढ़े हैं। चौड़ीकरण में ये बेजाकब्जाधारी आड़े आ रहे हैं।

## मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण की तैयार हुई योजना

**कोरकोमा पसरखेत बताती मार्ग में जमे हैं बेजा-कब्जाधारी**



### शासकीय कार्यों के लिए जमीन होगी आरक्षित

ग्रामीण क्षेत्रों में अब मुख्य मार्ग के किनारे रिक्त शासकीय जमीनों सरकारी कार्यों के लिए आरक्षित होगी। इनमें यात्री प्रतिक्षालय के निर्माण से लेकर मार्ग के दोनों ओर पौधारोपण एवं नाली का निर्माण सहित हाईटेंशन केबल के लिए बिजली के पोल गाड़ने का कार्य भी किया जाएगा। जिसके लिए शासकीय जमीनों को बचाना प्रशासन के लिए आवश्यक हो गया है।

### जनहित के मुद्दे को लेकर कांग्रेसियों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, मिला लिखित आश्वासन

# कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद अब 20 अप्रैल से पहले फोरलेन सड़क का होगा निर्माण



चक्काजाम करते कांग्रेसी एवं क्षेत्रवासी।



एसईसीएल के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचेना मोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण एवं कुसमुंडा के इमलीछापर चौक पर ओवरब्रिज निर्माण पुनः शुरु करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए आखिरकार एसईसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन ने 20 अप्रैल के पहले फोरलेन सड़क निर्माण शुरु करने का लिखित आश्वासन दिया जिसके बाद कांग्रेसियों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। हालांकि ओवरब्रिज निर्माण कार्य का मामला न्यायालय में सुलझने के बाद निर्माण कार्य शुरु करने की बात कही गई है।

उल्लेखनीय है कि सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचेना मोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण एवं कुसमुंडा के इमलीछापर चौक पर ओवरब्रिज निर्माण पुनः प्रारंभ कराने और राहगीरों को राहत दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर के नेतृत्व मे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को कुसमुंडा व्यापारी संघ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रवासियों का व्यापक समर्थन मिला। यहां बताना होगा कि आम जनता को हो रही भारी परेशानियों को मद्देनजर रख, जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व घोषणा के अनुसार मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और चक्का जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी, हालांकि पुलिस प्रशासन ने स्थिति को अपने नियंत्रण में ले लिया था। सुबह 9 बजे से शाम 4 तक क्षेत्रवासियों के साथ धरने पर डटे कांग्रेसियों ने आखिरकार एसईसीएल प्रबंधन के साथ साथ जिला प्रशासन को झुकने पर विवश कर दिया। 20 अप्रैल से पूर्व फोरलेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करा देने के लिखित आश्वासन एवं समझौते के बाद ही धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। निगम में नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने न केवल सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचैना मोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने में अपनी महती भूमिका निभाई थी बल्कि शहर की कई महत्वपूर्ण जर्जर सड़कों का भी अपने प्रयासों से राशि उपलब्ध कराया था। इस दौरान धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं को अवगत कराया गया कि फिलहाल ओवरब्रिज का निर्माण न्यायालय में लंबित है । जिसका निराकरण होते ही इसका भी निर्माण कार्य तत्काल शुरू करा दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मनोज चौहान, बसंत चंद्रा, नत्थुलाल यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र तिवारी, एडी जोशी, गीता गभेल, नवीन कुकरेजा, संजय आजाद, कृपाराम साहु, अशोक राठौर, राकेश पंकज, रवि चंदेल, गोरेलाल यादव, सनीष कुमार, मधुसुदन दास, रवि बरेठ, ममता अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की जगह एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा है कि पिछले 2 साल से भी अधिक समय से सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचैना मोड़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य ठप पड़ा है, वहीं कुसमुंडा के ईमलीछापर चौक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी अधुरा पड़ा है, इस कारण से 2 सालों से लोंगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पिछले दो वर्षों से पार्षद गीता गभेल आवाज उठाती रही हैं, बावजूद प्रशासन ने कोई कारगर कदम नहीं उठाया। जिसके बाद पार्षद श्रीमती गीता गभेल ने विगत दिनों प्रशासन को पत्र प्रेषित कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का ऐलान किया था, लेकिन प्रदर्शन के एक दिन पहले पार्षद गीता गभेल के पुत्र एवं पुत्री सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल के बजाए एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

### जाम से राहत दिलाने पांच कर्मी रहेंगे तैनात

समझौते के दौरान लिखित आश्वासन दिया गया है कि प्रतिदिन की जाम से राहत दिलाने के लिए भारी वाहनों को ऊपर के रास्ते भेजा जाए। इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन की ओर से पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। 10 अप्रैल तक कुचैना मोड़ से ईमलीछापर ओवरब्रिज तक डामरीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा, वहीं कुचैना मोड़ से सर्वमंगला चौक तक स्ट्रीट लाईट एवं साईन बोर्ड पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 10 अप्रैल तक लगाया जाएगा। समझौता में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि यह आंदोलन जनहित के लिए जरूरी हो गया था, इसलिए किसी व्यक्ति विशेष पर अपराध दर्ज नहीं किया जाएगा। समझौता पत्र पर प्रशासन की ओर से दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रदीप कुमार मरकाम एवं इंजीनियर प्रदीप कुमार कश्यप, एसईसीएल के एचआर हेड सुनील कुमार एवं ठाकुर आलोक सिंह ने हस्ताक्षर किये हैं।

### इतवारी- कोरबा के बीच 28 मार्च तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चैत्र नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगने वाले मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी 23 से 28 मार्च तक चलेगी। इस दौरान यह ट्रेन 63 स्टेशनों पर रुकेगी और 14 घंटे 30 मिनट में पूरी दूरी तय करेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेन नंबर 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)–कोरबा मेमू स्पेशल सुबह 5 बजे इतवारी से रवाना होगी और मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए शाम 7.30 बजे कोरबा पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 06884 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू स्पेशल कोरबा से सुबह 5.10 बजे रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 7.30 बजे इतवारी पहुंचेगी। इतवारी से चलकर ट्रेन सुबह 9.06 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 9.11 बजे आगे के लिए रवाना होगी। वापसी में कोरबा से आने वाली ट्रेन दोपहर 1.41 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 5 मिनट ठहराव के बाद इतवारी के लिए रवाना होगी।

### पानी तथा शीतल पेय पदार्थ की जांच अभियान तेज

**कोरबा।** बीते कुछ समय से गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। आसमान में छाए बदली के कारण उमस का एहसास हो रहा है। भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने पानी व शीतल पेय पदार्थ की दुकानें सज गई है। कई ऐसे दुकान हैं, जहां अमानक स्तर के पानी व शीतल पेय बिक्री किए जाने की आशंका है। इस सीधा असर सेहत पर पड़ सकता है। जिसके मद्देनजर खाद्य व सुरक्षा विभाग के आयुक्त दीपक अग्रवाल ने विशेष जांच अभियान के निर्देश दिए हैं।

# टीबी को जड़ से समाप्त करने का चलाया जा रहा अभियान : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कैबिनेट मंत्री ने टीबी मुक्त पंचायतों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित




टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते मंत्री श्री देवांगन।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी को जड़ से समाप्त करने का अभियान स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सतत प्रयासों से प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक टीबी की रोकथाम एवं उपचार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा मरीजों के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने विश्व क्षय दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस अभियान के तहत जिले में टीबी के संभावित मरीजों एवं उच्च जोखिम वाले समूहों की पहचान कर उनकी समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना है ताकि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। निक्षय निरामय मित्र जैसी पहल के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि जिले में टीबी मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है और वर्तमान में 101 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निरंतर प्रयासों से जल्द ही कोरबा जिले को पूर्णतः टीबी मुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षणों की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान कर तुरंत जांच एवं उपचार कराएं। जिले के सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री देवांगन ने टीबी मरीजों के उपचार में परिवार, समाज एवं सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए सभी से सहयोग करने तथा टीबी मुक्त कोरबा बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को टीबी मुक्त भारत बनाने हेतु योगदान देने का शपथ दिलाया। साथ ही जिले के टीबी मुक्त घोषित पंचायतों को प्रमाण पत्र एवं गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। टीबी उन्मूलन में योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रम, समाजसेवी संस्थानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 20 टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान करने हेतु निक्षय किट का वितरण किया गया, जिससे उनके उपचार में सहायता मिल सके।

### जनगणना फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 29 तक

**कोरबा।** जनगणना 2027 अंतर्गत नियुक्त फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 23 मार्च से 29 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। नगर पालिक निगम कोरबा (जोन क्रमांक 1 से 7 तक), नगर पंचायत पाली, छुरीकला, नगर पालिका परिषद दीपका, बांकीमोंगरा, कटघोरा के सभी फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु दिए गए निर्देश

# गर्मी में पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए तैयारी करें सुनिश्चित : आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते नगर निगम आयुक्त।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज तथा शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए सभी को निर्देशित किया कि लोगों को पीने के पानी के लिए समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यापक तैयारी आवश्यक है। उन्होंने नगरीय निकायों में आवश्यकता अनुसार टैंकरों की व्यवस्था करने, पाइपलाइन बिछाने तथा खराब हैंडपंपों को ठीक कराने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त श्री पांडेय ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए खाद्य अधिकारी को उठाव में प्रगति लाने के निर्देश दिए। पीडीएस में खाद्यान्न के भंडारण और वितरण की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी दुकानों में समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा के बाहर के मामलों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल सिग्नेचर, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार तथा मसाहती ग्रामों के प्रकाशन सहित सभी राजस्व कार्यों की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। किसान योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, एग्रीटेक पोर्टल में किसानों की प्रविष्टियों तथा केसीसी के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अपात्र किए गए किसानों के आवेदनों की जाँच कर पात्रता की स्थिति मिलने पर उन्हें केसीसी का लाभ प्रदान करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में निगमायुक्त ने सीएमएचओ को आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, व्यवंदन कार्ड और एचआरपी से संबंधित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपार आईडी, रेडी-टू-ईट, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्यघर योजना, धरती आबा, पीएम जनमन योजना तथा स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर उसे तेज़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन, पीएम आवास शहरी, शौचालय निर्माण और पीवीटीजी घरों में सोलर पैनल लगाने की तैयारियों की समीक्षा की। विद्युत विभाग को ट्रांसफॉर्मर की मांग को ध्यान में रखते हुए जोनल स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। पीएम जनमन योजना अंतर्गत आवास निर्माण, सड़क, पेयजल, आंगनबाड़ी निर्माण, मोबाइल टॉवर की स्थापना सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई, और निर्माणाधीन आवासों को बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ (09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)



कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411